# प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
# आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 01.09.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

---

<u>मुख्य समाचार :–</u>

1. अगले दो साल के भीतर एक लाख युवाओं को पुलिस में नौकरी देगी प्रदेश सरकार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा सरकार की योजनाओं का फायदा उठाकर स्वावलंबी और सशक्त बनें नौजवान।
2. पीलीभीत–मैलानी रेल खंड पर रेल सेवा शुरू : रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा– मोदी सरकार में प्रदेश में रेल विकास के लिए 18 गुना बढ़ाया गया बजट।
3. मुस्लिम बुद्धिजीवियों और धार्मिक प्रमुखों ने अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू से मुलाकात कर वक्फ संशोधन विधेयक में प्रस्तावित संशोधनों को समर्थन दिया।

और

4. गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस–वे सहित राज्य के सभी एक्सप्रेस–वेज़ होंगे अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस।

---

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने युवाओं से अनुशासित रह कर देश के विकास में प्रभावी भूमिका निभाने का आह्वान किया। श्री योगी ने आज वाराणसी में भारतीय

जनता युवा मोर्चा की तरफ से आयोजित एक दिवसीय सदस्यता कार्यशाला के समापन अवसर पर कहा कि युवाओं ने सदैव राष्ट्र को नई दिशा देने का काम किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजनीति के साथ–साथ जीवन के अन्य क्षेत्रों में भी नौजवान अपनी प्रतिभा और योग्यता के जरिए भारत को विकसित राष्ट्र की श्रेणी में ला सकते हैं, इसके लिए प्रबल इच्छा शक्ति जरूरी है। इस दौरान राज्य सरकार की जन–कल्याणकारी और विकास योजनाओं का जिक्र करते हुए श्री योगी ने कहा कि युवाओं को इन योजनाओं का फायदा उठाकर स्वावलंबी बनना चाहिए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार अगले दो साल के भीतर एक लाख युवाओं को पुलिस में नौकरी देगी।

फरवरी 2023 में हम लोगों ने इन्वेस्टर्स समिट किया। इस समिट में उत्तर प्रदेश को चालीस लाख करोड़ रूपये के निवेश के प्रस्ताव प्राप्त हुए है। चालीस लाख निवेश के प्रस्ताव का मतलब लगभग डेढ़ करोड़ नौजवानों को सीधे–सीधे नौकरी ... पे नौजवान पहले नौकरी ढूंढने के लिए मुम्बई जता था बेंगलूर जाता था, चेन्नई जाता था, हैदराबाद जाता था अन्य जगहों पर जाता था दुनिया के अंदर कार्य ढूंढता था आज उसको उसी के गांव में उसी के जनपद में उसी के क्षेत्र में उसी के प्रदेश में उनके अनुरूप उसकी क्षमता और योग्यता के अनुरूप नौकरी मिलेगी। प्रदेश के अंदर परम्परागत उद्यम में विकसित किया गया। वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट की योजना के माध्यम से मुख्यमंत्री विश्वकर्मा श्रम सम्मान और पीएम विश्वकर्मा योजना के माध्यम से दो करोड़ से अधिक युवाओं को रोजगार और स्वतः रोजगार के साथ जोड़ने का काम भी हुआ।

इस अवसर पर भारतीय जनता युवा मोर्चा के राष्ट्रीय महामंत्री राजीव बिष्ट और राज्य इकाई के अध्यक्ष प्रांशू दत्त द्विवेदी ने भी विचार व्यक्त किया।

वाराणसी दौरे में मुख्यमंत्री ने संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय पहुंच कर पांडुलिपियों के संरक्षण और विश्वविद्यालय के अन्य विकास कार्यों का निरीक्षण भी किया।

———————

रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव ने वर्चुअल माध्यम से रिमोट का बटन दबाकर और हरी झंडी दिखाकर पीलीभीत से मैलानी रेलखंड पर आमान परिवर्तन के बाद रेल सेवा का शुभारंभ किया। इस दौरान अपने वर्चुअल सम्बोधन में रेल मंत्री ने कहा कि प्रदेश में अब तक एक सौ सत्तावन स्टेशनों का पुनर्निर्माण किया गया ह और सरकार ने यूपी के लिए रेल बजट 18 गुना बढ़ा दिया है। उन्होंने कहा कि पहले सिर्फ 1300 करोड़ रूपये राज्य को रेल विकास के लिए मिलता था और अब 19 हजार 848 करोड़ रूपया मिल रहा है। रेल सेवा शुभारंभ के दौरान पीलीभीत में मौजूद केंद्रीय राज्यमंत्री और स्थानीय सांसद जितिन प्रसाद ने कहा कि पीलीभीत–शाहगढ़ और पोलीभीत–मैलानी के बीच ट्रेन संचालन शुरू होने से रोजगार के साधन बढ़ेंगे और पर्यटन को भी गति मिलेगी।

———————

उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने आज मिर्जापुर के सिटी ब्लॉक के चंदईपुर गांव में वृह्द रोजगार, ऋण मेला और टैबलेट वितरण कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान श्री मौर्य ने कहा कि राज्य सरकार युवाओं और छात्रों के भविष्य को उज्जवल बनाने के उद्‌देश्य से कई योजनाएं चलाई हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में करीब साढ़े छह लाख युवाओं को बिना किसी भेदभाव के सरकारी नौकरी प्रदान की गई है और आर्थिक रूप से उन्हें मजबूत करने के लिए राजगार और ऋण मेलों का लगातार आयोजन कर रही है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि य‌ुवाओं को नौकरी और रोजगार देने का मामला हो या उन्हें कर्ज़ देने की योजना की प्रक्रिया हो सभी योजनाओं में पारदर्शी तरीका अपनाया जा रहा है। बाद में मीडिया से बातचीत करते हुए श्री मौर्य ने समाजवादी पार्टी द्वारा विधानसभा उपचुनाव से पहले अल्पसंख्यक वर्ग के बीएलओ को हटाये जाने के आरोप को सिरे से खारिज़ कर दिया है। उन्होंने कहा कि समाज वादी पार्टी ने यह आरोप वर्ग विशेष के वोट बैंक को खुश करने लगाया है।

——————

ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0

पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

———————

मुस्लिम बुद्धिजीवियों और धार्मिक गुरूओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने केन्द्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू और संयुक्त संसदीय समिति के अध्यक्ष जगदंबिका पाल से मुलाकात कर वक्फ संशोधन विधेयक में किए गए प्रस्तावों को समर्थन दिया है। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व अखिल भारतीय सूफो सज्जादानशीन परिषद के अध्यक्ष और अजमेर दरगाह के आध्यात्मिक प्रमुख के उत्तराधिकारी सैयद नसीरुद्दीन चिश्ती ने किया। प्रतिनिधिमंडल ने विश्वास व्यक्त किया कि समिति, वक्फ बोर्ड के कारण देश भर की मस्जिदों के सामने आ रही समस्याओं पर ध्यान देगी।

———————

राज्य सरकार उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने के उद्देश्य से एक्सप्रेस–वेज़ को अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस करने की प्रक्रिया पर काम कर रही है। इसी क्रम में गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस–व को एडवांस्ड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम–एटीएमएस से लैस किया जा रहा है। याजना के तहत एक्सप्रेस–वे पर यातायात प्रबंधन कमांड सेन्टर बनाया जायेगा। इस कमांड सेंटर के जरिए यातायात के अनुश्रवण

और प्रबंधन प्रक्रिया को मजबूती मिलेगी। योजना के तहत मोशन डिटेक्शन सर्विलांस कैमरा और व्हीकल स्पीड डिटेक्शन सिस्टम को गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस–वे के दोनों तरफ लगाया जायेगा ताकि निर्धारित गति से ज्यादा गति से चलने वाली गाड़ियों को अलर्ट जारी किया जा सके और नियंत्रण कक्ष उसे तत्काल ट्रैक कर ले।

——————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आगामी तीन सितंबर को लखनऊ में तीन दिवसीय 'सशस्त्र बल महोत्सव' का शुभारंभ करेंगे। इस महोत्सव का आयोजन तीन से पांच सितम्बर तक लखनऊ छावनी के सूर्या खेल परिसर में सुबह दस बजे से शाम छह बजे तक किया जायेगा।

आर्म्ड फोर्सेज़ फेस्टिवल में हेलीकाप्टरों, पैरामोटर्स, माइक्रोलाइट फ्लाइंग, लड़ाकू विमानों का फ्लाईपास्ट, घोड़े और मोटरसाइकिल प्रदर्शन के साथ–साथ पैरा जंप और विशेष बलों के कई रोमांचक प्रदर्शन देखने को मिलेंगे। दर्शक आधुनिक प्रौद्योगिकी आधारित और नवीनतम सैन्य हथियार प्रणाली जैसे टैंक, इन्फेंट्री के हथियार, तोपखाने की बंदूकें आदि की क्षमता भी देख सकेंगे। यह उत्सव सभी नागरिकों के लिए खुला है।

——————

जौनपुर जिले में जल्द ही जल अनुसंधान संस्थान खुलेगा। इस संस्थान में जल के साथ–साथ पौधों और

मिट्टी पर भी अनुसंधान किया जायेगा। और ब्यौरा हमारे प्रतिनिधि से...

*जौनपुर जनपद की उपलब्धियों में जल्द ही एक और उपलब्धि शामिल होने वाली है। जिले के वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर में जल्द ही एक करोड़ रुपये लागत से जल अनुसंधान संस्थान खुलेगा। संस्थान में जल के साथ ही पौधों और मिट्टी पर भी शोध हो सकेगा। एक साथ तीन शोध करने वाला यह केंद्र प्रदेश का पहला शोध केंद्र होगा। कुलपति वंदना सिंह ने बताया है कि इस संबंध में पूर्वांचल विवि और पीपुल्स वर्ल्ड कमीशन ऑन ड्राउट एंड फ्लड के बीच एमओयू पर भी हस्ताक्षर हो गया है। समझौता ज्ञापन के तहत संस्थान जल और मिट्टी से संबंधित विभिन्न अनुसंधान, शैक्षणिक गतिविधियों और जल कायाकल्प, जलवायु परिवर्तन, जल विज्ञान, जल अभियांत्रिकी और जल प्रौद्योगिकी के क्षेत्र से संबंधित शोध परियोजनाओं पर ध्यान केंद्रित करेगा। इसके अलावा काशी में बहने वाली वरुणा, असि और आसपास के जिलों की नदियों के जल का शोध कर उन्हें स्वच्छ करने में भी यह संस्थान उपयोगी साबित होगा। राहुल यादव आकाशवाणी समाचार जौनपुर।*

———————

आज लखनऊ में हॉकी इंडिया की 14वीं कांग्रेस आयोजित की गई जिसमें सभी 31 राज्य सदस्य इकाइयों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष डॉ. दिलीप तिर्की, महासचिव भोला नाथ सिंह और कोषाध्यक्ष शेखर जे. मनोहरन इस कांग्रेस में मौजूद थे, जहां उन्होंने भारतीय हॉकी के भविष्य को आकार देने और खेल के विकास के लिए सामूहिक दृष्टिकोण को मजबूत करने के बारे में चर्चा की। कल उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हॉकी इंडिया के अधिकारियों से मुलाकात

की और हॉकी में राज्य के ऐतिहासिक महत्व पर जोर दिया।

उन्होंने मेरठ में मेजर ध्यानचंद खेल विश्वविद्यालय के निर्माण और केडी सिंह बाबू के पैतृक घर को स्मारक के रूप में विकसित करने की योजना सहित राज्य की पहलों पर प्रकाश डाला।

——————————

केंद्रीय श्रम और रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने कहा है कि सरकार गिग और प्लेटफार्म श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा के दायरे में लाने के लिए संभावनाएं तलाश रही हैं। केंद्रीय मंत्री ने आज नई दिल्ली में एक समीक्षा बैठक के दौरान कहा कि सरकार उन्हें सामाजिक सुरक्षा उपलब्ध कराने के लिए व्यापक नीति पर काम कर रही है। गिग श्रमिक वह होता है जो छोटी अवधि के लिए या परियोजना आधारित काम करता है और एक ही नियोक्ता के लिए काम करने की बजाए कई नियोक्ताओं के लिए अपनी  सेवाएं देता है। डॉ. मांडविया ने कहा कि ऐसे श्रमिकों का पंजीकरण ई–श्रम पोर्टल के माध्यम से किया जाएगा।

——————————